# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 04.12.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर ",अमर उजाला, दैनिक जागरण, आज, हिन्दुस्तान, जनसंदेश टाइम्स, न्यायाधीश, परफेक्ट मिशन, जागरूक एक्सप्रेस, काशीवार्ता,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 04.12.2024

### असि नदी के लिए प्राइमरी इंस्पेक्शन रिपोर्ट तैयार करेगा आईआईटी बीएचयू

**वाराणसी।** असि नदी के जीर्णोद्धार के लिए ड्राइंग, डिजाइन, डीपीआर तैयार करने को लेकर मंगलवार को वीडीए में बैठक हुई। आईआईटी बीएचयू के तकनीकी सदस्यों के साथ समीक्षा कर प्राइमरी इंस्पेक्शन रिपोर्ट तैयार करके वीडीए को भेजने की बात हुई। परियोजना का विस्तृत प्लान तैयार करने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

इसे लेकर नगर निगम, जल निगम और तहसील से डेटा लेने के लिए पत्र भेजा। असि नदी के किनारे जमीनों के स्वामित्व, जलनिकासी आदि की जानकारी जुटाकर डीपीआर तैयार होगी। बैठक में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शिशिर गौर, प्रो. डॉ. अनुराग ओहरी, प्रोफेसर डॉ. मेधा झा, वीडीए अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता शिवाजी मिश्रा आदि मौजूद रहे। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 04.12.2024

### अवैध निर्माण पर पुरातत्व विभाग ने दी तहरीर

**वाराणसी :** सारनाथ के गंज इलाका निवासी बाबूलाल पटेल पर अनाधिकृत रूप से निर्माण कराने का आरोप है। सारनाथ स्थित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को सारनाथ थाने पर बाबूलाल के खिलाफ तहरीर दी। आरोप है कि बाबूलाल पटेल पुरातत्व विभाग से बिना अनुमति लिए ही भवन निर्माण कर रहे हैं। यह क्षेत्र पुरातत्व विभाग द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र के अधीन आता है। सारनाथ पुलिस तहरीर की जांच शुरू कर दी है। (संस)

## आज–दि0 04.12.2024

### असि नदीके जीर्णोद्धार में आयी तेजी

असि नदी जीर्णोद्धार के लिए डीपीआर तैयार करने का काम अंतिम चरण में है। संबंधित विषय में विकास प्राधिकरण ने आईआईटी बीएचयू से समझौता करने के बाद प्राइमरी इंस्पेक्शन रिपोर्ट तैयार कर विभाग को



भेजेगा। जिसके आधार पर परियोजना का विस्तृत प्लान बनाने में आसानी होगी। हांलाकि प्लान को तैयार करने में कुछ दिक्कतों का सामना भी करना पड़ सकता है, जिसमें जल निगम, तहसील और अस्सी नदी के किनारे की जमीनों के स्वामित्व पता करने में सही सही जानकारी आवश्यक है। दूसरी समस्या है कि जल निकासी से संबंधित डाटा को तैयार करना। उल्लेखनीय है कि अस्सी नदी के पुर्नगठन के लिए न्यायालय और संबंधित विभाग सख्ति में है। और इसको लेकर विकास प्राधिकरण के उपर लगातार दबाव दिया जा रहा है। विप्रा उपाध्यक्ष के व्यक्तिगत रूचि लेने के बाद अस्सी जीर्णोद्धार के लिए आईआईटी बीएचयू के तकनीकी सदस्यों को कार्य सौंपा गया जोकि विप्रा अभियंताओं और अस्सी नदी के मानचित्र को देखकर डीपीआर तैयार करायेंगे।

## हिन्दुस्तान–दि0 04.12.2024

### असि नदी की पुनरुद्धार योजना पर हुई चर्चा

वाराणसी। वीडीए में मंगलवार को हुई बैठक में असि नदी के पुनरुद्धार के लिए ड्राइंग, डिजाइन एवं डीपीआर बनाने पर आईआईटी बीएचयू के तकनीकी सदस्यों के साथ चर्चा की गई। बताया गया कि आईआईटी बीएचयू की ओर से बनाई गई प्राइमरी निरीक्षण रिपोर्ट जल्द ही वीडीए को सौंपी जाएगी। विस्तृत प्लान बनाने में कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शिशिर गौर, प्रो. अनुराग ओहरी, प्रो. मेधा झा, अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता शिवाजी मिश्रा थे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## जनसंदेश टाइम्स–दि0 04.12.2024

# अस्सी नदी का शीघ्र होगा जीर्णोद्धार

**बैठक**

**ड्राइंग, डिजाइन व डीपीआर हेतु हुई समीक्षा बैठक**

जनसंदेश न्यूज



वाराणसी। विकास प्राधिकरण द्वारा वाराणसी स्थित अस्सी नदी के जीर्णोद्धार हेतु ड्राइंग, डिजाइन व डी.पी.आर. तैयार किये जाने को लेकर मंगलवार को हुई बैठक कार्य की प्रगति की जहां जानकारी की गई, वहीआईआईटी बीएचयू के तकनीकी सदस्यों के साथ समीक्षा भी हुई। आईआईटी बीएचयू द्वारा बनाया गया प्राइमरी इंस्पेक्शन रिपोर्ट तैयार कर जल्द ही वीडीए को भेज दिया जायेगा। इस परियोजना का विस्तृत प्लान तैयार करने में कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिसके लिए नगर निगम,जल निगम और तहसील से डाटा की आवश्यकता है। जिसमें अस्सी नदी के किनारे जमीनों के स्वामित्व, जलनिकास उक्त हेतु सम्बंधित से पत्राचार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर एसोसिएट प्रोफेसर डा. शिशिर गौर, प्रोफेसर डा. अनुराग ओहरी, प्रोफेसर डा.मेधा झा,वीडीए के विभागीय अधिशासी अभियन्ता अरविन्द शर्मा एवं सहायक अभियन्ता शिवाजी मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यायाधीश–दि0 04.12.2024

# अस्सी नदी के जीर्णोद्धार हेतु बैठक आयोजित



वाराणसी।वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा 3 दिसम्बर को वाराणसी स्थित अस्सी नदी के जीणीद्धार हेतु ड्राइंग, डिजाइन एवं डी0पी0आर0 तैयार किये जाने के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिसकी कार्य प्रगति के सम्बंध में आज आईआईटी बीएचयू के तकनीकी सदस्यों के साथ समीक्षा की गई। इसमें कहा गया कि आईआईटी बीएचयू द्वारा बनाया गया प्राइमरी इंस्पेक्शन रिपोर्ट तैयार कर जल्द ही वाराणसी विकास प्राधिकरण को भेज दिया जायेगा तथा परियोजना का विस्तृत प्लान तैयार करने में कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिस हेतु नगर निगम, जल निगम व तहसील से डाटा जैसे अस्सी नदी के किनारे जमीनों के स्वामित्व, जलनिकास से संबंधित डाटा की आवश्यकता है, उक्त हेतु सम्बंधित से पत्राचार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 शिशिर गौर, प्रोफेसर डॉ0 अनुराग ओहरी, प्रोफेसर डॉ0 मेधा झा व वाराणसी विकास प्राधिकरण के विभागीय अधिशासी अभियन्ता अरविन्द शर्मा एवं सहायक अभियन्ता शिवाजी मिश्रा व अन्य मौजूद रहे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## परफेक्ट मिशन–दि0 04.12.2024

### अस्सी जीर्णोद्धार के डीपीआर को लेकर वीडीए में हुई बैठक



परफेक्ट मिशन

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा वाराणसी स्थित अस्सी नदी के जीर्णोद्धार हेतु ड्राइंग, डिजाइन एवं डी0पी0आर0 तैयार किये जाने के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिसकी कार्य प्रगति के सम्बंध में मंगलवार को आईआईटी बीएचयू के तकनीकी सदस्यों के साथ समीक्षा की गई।

इसमें कहा गया कि आईआईटी बीएचयू द्वारा बनाया गया प्राइमरी इंस्पेक्शन रिपोर्ट तैयार कर जल्द ही वाराणसी विकास प्राधिकरण को भेज दिया जायेगा तथा परियोजना का विस्तृत प्लान तैयार करने में कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिस हेतु नगर निगम, जल निगम व तहसील से डाटा जैसे अस्सी नदी के किनारे जमीनों के स्वामित्व, जलनिकास से संबंधित डाटा की आवश्यकता है, उक्त हेतु सम्बन्धित से पत्राचार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 शिशिर गौर, प्रोफेसर डॉ0 अनुराग ओहरी, प्रोफेसर डॉ0 मेधा झा व वाराणसी विकास प्राधिकरण के विभागीय अधिशासी अभियन्ता अरविन्द शर्मा एवं सहायक अभियन्ता शिवाजी मिश्रा व अन्य मौजूद रहे।

## जागरूक एक्सप्रेस–दि0 04.12.2024

### असि नदी के जीर्णोद्धार के डीपीआर को लेकर बैठक

जिला प्रतिनिधि

वाराणसी। विकास प्राधिकरण द्वारा अस्सी नदी के जीर्णोद्धार हेतु ड्राइंग,



डिजाइन एवं डी॰पी॰आर॰ तैयार किये जाने के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिसकी कार्य प्रगति के सम्बंध में आज आईआईटी बीएचयू के तकनीकी सदस्यों के साथ समीक्षा की गई। इसमें कहा गया कि आईआईटी बीएचयू द्वारा बनाया गया प्राइमरी इंस्पेक्शन रिपोर्ट तैयार कर जल्द ही वाराणसी विकास प्राधिकरण को भेज दिया जायेगा तथा परियोजना का विस्तृत प्लान तैयार करने में कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिस हेतु नगर निगम, जल निगम व तहसील से डाटा जैसे अस्सी नदी के किनारे जमीनों के स्वामित्व, जलनिकास से संबंधित डाटा की आवश्यकता है, उक्त हेतु सम्बंधित से पत्राचार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में एसोसिएट प्रो. डा. शिशिर गौर, प्रो. डॉ. अनुराग ओहरी, प्रो. डा. मेधा झा व वाराणसी विकास प्राधिकरण के विभागीय अधिशासी अभियन्ता अरविन्द शर्मा एवं सहायक अभियन्ता शिवाजी मिश्रा व अन्य मौजूद रहे।

काशीवार्ता–दि0 04.12.2024

## अवैध निर्माणों पर कड़ी कार्रवाई के दिये निर्देश

वाराणसी। विकास प्राधिकरण के सभागार में सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में जोन-3, ज़ोन-4, और जोंन-5 से संबंधित नक्शों की स्वीकृति, शमन शुल्क वसूली, और अवैध निमार्णों की समीक्षा बैठक हुई। सचिव ने अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त करने, बेसमेंट खाली कराने, और अवैध पेट्रोल पंपों की जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में नवंबर माह के दौरान जोन-3 में 31, जोन-4 में 11 और जोन-5 में 9 शमन मानचित्र स्वीकृत हुए। कुल शुल्क के रूप में 1.51 करोड़ की वसूली हुई।